


**आईसीसी ने भी याद किया**

बापू नाडकर्णी ने 1964 में मद्रास (अब चेन्नै) के नेहरू स्टेडियम में इंग्लैंड टीम को रनों के लिए तरसा दिया था। उस मैच में उन्होंने लगातार 131 गेंद फेंकीं, जिन पर एक भी रन नहीं बना। उन्होंने कुल 32 ओवर में 27 मेडन फेंके, जिनमें लगातार 21 ओवर मेडन रहे। उनका गेंदबाजी विश्लेषण 32–27–5–0 रहा था। आईसीसी ने भी उन्हें याद करते हुए ट्वीट किया।

## भारत का 'कंजूस' बोलर जिसने फेंके थे रेकॉर्ड लगातार 21 मेडन ओवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर बापू नाडकर्णी का आज (4 अप्रैल) जन्मदिन है जिन्हें हमेशा देश के सबसे कंजूस बोलर के तौर पर याद किया जाएगा। बापू नाडकर्णी का इसी साल 17 जनवरी को 86 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया था। उनका जन्म 1933 में महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। नाडकर्णी बाएं हाथ के बल्लेबाज और लेफ्ट आर्म स्पिनर थे। उन्होंने भारत की तरफ से 41 टेस्ट मैचों में 1414 रन बनाए और 88 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43 रन देकर छह विकेट रहा। वह मुंबई के शीर्ष क्रिकेटरों में शामिल थे। नाडकर्णी ने 191 फर्स्ट क्लास मैच खेले जिसमें 500 विकेट लिए और 8880 रन बनाए। उन्होंने न्यू जीलैंड के खिलाफ दिल्ली में 1955 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट मैच भी इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 1968 में एमएके पटौदी की अगुआई में ऑकलैंड में खेला था। उन्हें हालांकि लगातार 21 ओवर मेडन करने के लिए याद किया जाता है।

# कोई भी फिक्सिंग का दोषी हो उसे सजा के तौर पर दो फांसी

**क्रिकेट**

बोर्ड को एक उदाहरण पेश करना चाहिए

मियांदाद ने कहा, फिक्सिंग उतना ही बड़ा गुनाह, जितना किसी का कत्ल करना तो सजा भी बराबर हो

इस खेल में फिक्सिंग करता है, वह अपने परिवार के साथ भी धोखाधड़ी करता है

मियांदाद ने करियर में खेले 124 टेस्ट और 233 वनडे इंटरनैशनल मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर जावेद मियांदाद का मानना है कि जो खिलाड़ी क्रिकेट में भ्रष्टाचार करे, उसे सजा के तौर पर फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा कि जो भी क्रिकेटर इस खेल में फिक्सिंग करता है, वह अपने परिवार के साथ भी धोखाधड़ी करता है।

मियांदाद ने कहा, फिक्सिंग में शामिल क्रिकेटरों को कड़ी सजा देनी चाहिए। बोर्ड को एक उदाहरण पेश करना चाहिए और ऐसे गलत करने वालों को फांसी पर लटका देना चाहिए।श उन्होंने कहा, श्क्रिकेट से लोग जुड़ते हैं। जब आप कोई सिक्स लगाते हो या जीतते हो तो पूरी दुनिया में पाकिस्तान–पाकिस्तान गूंजता है, लोग खुशियां मनाते हैं। यह गुनाह उतना ही बड़ा है, जितना किसी का कत्ल करना और कत्ल की सजा भी कत्ल होती है।



62 वर्षीय मियांदाद ने कहा, मुझे लगता है कि जो खिलाड़ी फिक्सिंग करते हैं, वे अपने मां–बाप के साथ भी गलत करते हैं, उनके भी सगे नहीं होते हैं। वे अपने बहन–भाई, परिवार के साथ भी सही नहीं होते। इंसानियत के लिए भी यह सही नहीं है, और ऐसे लोगों को जिंदा रहने का अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, खिलाड़ियों के लिए आसान होता है कि पहले वे फिक्सिंग जैसे गलत काम करें, इससे पैसा कमाएं और फिर अपने कनेक्शन से टीम में वापसी कर लें। कोई गलती करेगा तो माफी मांगेगा ना, इसलिए बोर्ड को उदाहरण पेश करना चाहिए।

पाकिस्तान के लिए 124 टेस्ट और 233 वनडे इंटरनैशनल मैच खेलने वाले मियांदाद ने इसे इस्लाम से जोड़ते हुए कहा, यह बात इस्लाम में सिखाई गई बात के खिलाफ है और इसको इसी तरह से लेना चाहिए। पाकिस्तानी के काफी क्रिकेटरों पर फिक्सिंग के आरोप लगे हैं लेकिन कई तरह की कोशिशों के बावजूद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ऐसे मामलों को खत्म नहीं कर सका है।

# एडम जम्पा समेत ऑस्ट्रेलिया के 8 क्रिकेटरों की शादी टली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोविड–19 महामारी का असर जहां एक तरफ बड़े खेल इवेंट पर पड़ा है तो वहीं दूसरी तरफ निजी जिंदगियां भी इससे प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के 8 ऐसे क्रिकेटर हैं जिनकी शादी पर इस घातक वायरस का असर पड़ा है और उन्हें इसे स्थगित करना पड़ेगा। चीन से फैले इस खतरनाक वायरस को डब्ल्यूएचओ ने महामारी घोषित किया है और इसके प्रकोप से बचाव के तौर पर तोक्यो ओलिंपिक, यूरो कप, आईपीएल, फीफा अंडर–17 महिला वर्ल्ड कप जैसे बड़े–बड़े टूर्नामेंट स्थगित हैं। वेबसाइड क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के युवा

### ग्लेन मैक्सवेल और कमिंस की शादी में होगी देरी

स्पिनर एडम जम्पा समेत 8 क्रिकेटरों को कोरोना वायरस के चलते अपनी–अपनी शादी स्थगित करनी पड़ी है।

ऑस्ट्रेलिया के पेसर जैक्सन बर्ड, एंड्रयू टाइ, डार्सी शॉर्ट, जेस जॉनासन, केटलिन फ्रेट, एलेस्टर मैक्डरमॉट और मिशेल स्वेप्सन को अपनी–अपनी शादी स्थगित करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। क्रिकेट शेड्यूल के चलते ऑस्ट्रेलिया में ज्यादातर क्रिकेटर अप्रैल में ही शादी करते हैं। इस दौरान क्रिकेट सीजन भी खत्म हो रहा होता है।

ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और पेसर पैट कमिंस भी अपनी–अपनी शादी कोविड–19 के चलते फिलहाल देरी से कर सकते हैं। मैक्सवेल ने हाल ही में भारतीय मूल की अपनी गर्लफ्रेंड विनी रमन से सगाई की थी। पिछले महीने ही कमिंस ने भी सोशल मीडिया पर अपनी सगाई की घोषणा की थी। कमिंस की मंगेतर बेकी बोस्टन इंग्लैंड से हैं जहां भी कोरोना वायरस के कारण हालात काफी खराब हैं। पेसर पैट कमिंस और मैक्सवेल को आईपीएल के 13वें सीजन के लिए किंग्स इलेवन पंजाब ने नीलामी में खरीदा था। कमिंस को जहां 15.5 करोड़ में तो मैक्सवेल को 10.75 करोड़ में खरीदा गया था। कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में 10 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हैं और ऑस्ट्रेलिया में भी हालात काफी खराब हैं। कई प्रांतों में तो लॉकडाउन घोषित है और लोगों के इकट्ठा होने तक पर रोक लगी है।

## नेमार ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में दान किए 7.6 करोड़ रुपयेः रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के दिग्गज फुटबॉलरों में शुमार नेमार ने ब्राजील में घातक कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में मदद के तौर पर 10 लाख डॉलर (करीब 7.6 करोड़ रुपये) दिए हैं। टीवी नेटवर्क एसबीटी के अनुसार, पेरिस सेंट–जर्मन क्लब के स्टार नेमार ने इस राशि का काफी हिस्सा यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रन फंड को दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के तीसरे सबसे अधिक पैसे कमाने वाले फुटबॉलर नेमार ने बाकी का हिस्साअपने दोस्त ब्राजील के टीवी प्रजेंटेटर लुसियानो हक के चौरिटेबल फंड को दिया। हालांकि इस स्ट्राइकर के प्रेस ऑफिस ने यह कहते हुए टिप्पणी करने से मना कर दिया, हम कभी दान या इस तरह की राशि के बारे में बात नहीं करते हैं।

28 साल के नेमार ने पीएसजी टीम के अपने साथी काइलन एमबाप्पे की तरह किया, जिन्होंने पिछले महीने एक बड़ी राशि गुप्त तौर पर दान की थी। एमबाप्पे ने कोविड–19 के खिलाफ इस जंग में मदद के तौर पर एक फ्रांसीसी चौरिटी को दान दिया था। कोविड–19 के प्रकोप से बचाव के तौर पर नेमार रियो के बाहर मंगरतैबा में अपने लक्जरी विला में रह रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### टिम ने बताया भविष्य में टेस्ट कप्तानी का दावेदार, पैट कमिंस बोले–वह जीनियस हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस इस बात से खुश हैं कि मौजूदा कप्तान टिम पेन उन्हें भविष्य में टेस्ट कप्तानी का दावेदार मानते हैं। 35 बरस के पेन ने हाल में रिटायर होने की ओर इशारा किया था, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ के कप्तानी करने पर लगाया गया प्रतिबंध भी समाप्त हो चुका है। इससे पहले पेन ने स्मिथ, कमिंस, ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी ओर मार्नस लाबुशेन के नाम लिए थे। पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क भी लगातार कमिंस के नाम की पैरवी कर रहे हैं। कमिंस ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, 'यह सुनकर अच्छा लगा। मुझे पेन के साथ उप–कप्तानी करके अच्छा लग रहा है। वह जीनियस हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं पहले भी कह चुका हूं कि अभी कप्तानी की बात करना सही नहीं है, जब पेन और आरोन फिंच अपना काम बखूबी कर रहे हैं। अभी इस तरह की बातें बेमानी हैं।'

### फंड के लिए प्रदर्शनी शतरंज मैच खेलेंगे आनंद और भारतीय खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। चीन से फैले घातक कोरोना वायरस ब्ल्टप्क–19 से बचाव को लेकर खेल जगत की दिग्गज हस्तियां लोगों को जागरूक कर रही हैं। इसके अलवा पीएम–केयर्स फंड में भी बड़े स्तर पर डोनेशन दी जा रही है। इसी बीच भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ियों ने भी कुछ योगदान करने के बारे में सोचा है। भारत के छह शीर्ष शतरंज खिलाड़ी आगामी 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री–केयर्स फंड में पैसे जुटाने के लिए चेस डॉट कॉम पर एक साथ प्रदर्शनी मैच खेलेंगे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद, पी हरिकृष्णा, विदित गुजराती, भास्करन आदिबन, हंपी कोनेरू और हरिका द्रोणवल्ली इस अभियान से जुड़ेंगे। हर खिलाड़ी दानदाताओं के लिए प्रत्येक में 20 बोर्ड की पेशकश करेगा आनंद ने कहा, ऑनलाइन गतिविधियों से लोग काफी जुड़ रहे हैं। लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन शतरंज खेलना लोगों का खुद को व्यस्त रखने का एक तरीका है।

### लॉकडाउन में आर्चर दीपिका और अतनु दास एक दूसरे के बने कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लॉकडाउन में खिलाड़ियों के लिए खुद को इंडोर रख पाना मुश्किल हो रहा है। उनकी सामान्य प्रैक्टिस नहीं हो पा रही है लेकिन, आर्चर दीपिका कुमारी के लिए अच्छी बात यह है कि उनके मंगेतर अतनु दास भी भारतीय आर्चरी टीम में हैं। इस मुश्किल घड़ी में दोनों एक–दूसरे को टिप्स देकर घर में ही प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओलिंपिक खेल भले ही एक साल के लिए टल गए, लेकिन उन्होंने अपनी प्रैक्टिस जारी रखी है। प्रैक्टिस में दोनों एक–दूसरे के कोच की भूमिका में हैं। दीपिका ने बताया कि वह घर में ही छोटे से रेंज पर प्रैक्टिस कर रही हैं। उन्होंने कहा, जब एक दिन के लिए लॉकडाउन हुआ था तब हम पुणे कैंप में थे। लेकिन, अगले ही दिन हम कोलकाता आ गए क्योंकि कैंप बंद कर दिया गया था।

### महिला क्रिकेट भी हो रहा सुपरहिट आईसीसी ले सकता है बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में महिला टी20 विश्व कप की अपार सफलता के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2023–31 चक्र के प्रसारण अधिकारों के लिए अलग से बोली आमंत्रित करने के विकल्प तलाश सकती है। ऑस्ट्रेलिया में विश्व कप वीडियो को 1.1 अरब लोगों ने देखा और यह महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टूर्नामेंट रहा। आईसीसी बोर्ड को भरोसा है कि महिलाओं के खेल के लिए अलग से प्रसारण अधिकार खरीदने के लिए बोलीदाता मिल सकता है। आईसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, 'इसके बारे में विचार किया जा रहा है, हालांकि अभी तक कोई भी फैसला नहीं लिया गया है। लेकिन इसमें संभावना है।' उन्होंने कहा, 'महिला टी20 को जितनी बड़ी संख्या में लोगों ने देखा, उसे देखते हुए हम इसे तलाशना चाहिए।'